## एक नजर

### अभय सिन्हा बने गोंदा थाना प्रभारी

रांची। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को सात इंस्पेक्टर की पोस्टिंग की है। इससे संबंधित शनिवार को अधिसूचना एसपी कार्यालय की ओर से जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार जयप्रकाश राणा को मांडर अंचल निरीक्षक बनाया गया, फागु होरो को बेडो अंचल निरीक्षक ,इम्तियाज अहसन को यातायात थाना प्रभारी लालपुर, अजय कुमार को यातायात थाना प्रभारी कोतवाली और अभय कुमार सिंह को गोंदा थाना प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा विमल किंडो को पुलिस नियंत्रण कक्ष और हंसे उरांव को अभियोजन को कोषांग भेजा गया है।

### 25 फरवरी को ऐतिहासिक होगी कुड़मी हुंकार महारैली : शीतल ओहदार

रांची। कुड़मी समाज के संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि 25 फरवरी को मोरहाबादी मैदान रांची में कुड़मी हुंकार महारैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि टोटेमिक कुड़मी महतो जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर महारैली आयोजित की गयी है। ओहदार शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इसमें लाखों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा, पारंपरिक नाच-गाना छऊ नाच, झुमर नाच, पता नाच,नटुवा नाच,घोड़ा नाच एवं गाजा-बाजा के साथ शामिल होंगे। इसकी ग्राम स्तर पर वृहद रूप में तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा की कुडमी हुंकार महारैली ऐतिहासिक होगी। इस महारैली में लगभग पांच लाख की संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे। इस मौके पर में ओम प्रकाश महतो,सखिचन्द महतो, कपिलदेव महतो, थानेश्वर महतो, हेमलाल महतो, सोनालाल महतो, संदीप महतो,शिवलाल महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्टाफ क्वार्टर से एक करोड़ से अधिक की चोरी

**कोडरमा।** कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के 14 स्टाफ क्वार्टर में बीती रात बदमाशों ने एक करोड़ से ऊपर के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ किया है। जिन क्वार्टर को निशाना बनाया गया उनमें रहने वाले स्टाफ या तो नाइट ड्यूटी पर गए हुए थे या फिर किसी कारणवश अपने क्वार्टर से बाहर थे। चोर दरवाजे पर लगा ताला और लॉक तोड़कर घर में दाखिल हुए और घर में रखे अलमारी, लॉकर, ड्रावर और दीवान पलंग में रखे सामानों को इधर-उधर बिखेर दिया। साथ ही सिर्फ नकदी और जेवर लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि चोरों ने प्लांट परिसर में दाखिल होने के लिए प्लांट के बाउंड्री के बाहरी दीवार में सुरंग बनाई और उसके बाद सोलर प्लांट की ओर से आवासीय परिसर में दाखिल हुए। चोर प्लांट स्थित अलग-अलग ब्लॉक में दाखिल हुए और बंद पड़े क्वार्टर को निशाना बनाया।

### सिलागाई में जयंती समारोह सह मेला का आयोजन

# शहीदों की मजारों पर लगेंगे हर बरस मेले

**मो मोहसिन खान**

**चान्हो ।** चान्हो के सिलागांई में अमर शहीद वीर बुधु भगत की 232वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में शाहिद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर अतिथियों ने माला पहनाई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हमें आदिवासियों का इतिहास पढ़ने की जरूरत है। कार्यक्रम में डॉ रामकुमार भगत लिखित वीर पानी पुस्तक का भी लोकार्पण किया गया। इस मौके पर विकास मेला का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को बंधु तिर्की, परमेश्वर भगत समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।



छोटानागपुर की धरती कभी भी अंग्रेजों की गुलामी को बर्दाश्त नहीं किया। अंग्रेजों की क्रूरता और शोषण का विरोध झारखंड के सेनानियों ने हमेशा किया। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, शेख भिखारी, पांडेय गंपत राय, टिकैत उमराव सिंह, बीर बिरसा, निलामबर पीतांबर, सिधु कान्हू समेत कितने वीर पुरुषों ने आजादी की लडाई में अपने प्राणों की आहुति दे दी। इन्ही वीर पुरुषों में एक मूर्धन्य नाम बुधु भगत का है। इन्होंने 1857 की गदर से भी पहले छोटानागपुर के जंगलों से शंखनाद किया था। आमतौर पर सन 1857 को ही स्वतंत्रता संग्राम का प्रथम समर माना जाता है। लेकिन इससे इससे पूर्व ही वीर बुधु भगत ने न सिर्फ.क्रान्ति का शंखनाद किया था, बल्कि अपने साहस व नेतृत्व क्षमता से 1832 ई. में ₹लरका विद्रोह₹ नामक ऐतिहासिक आन्दोलन का सूत्रपात्र भी किया। छोटा नागपुर के आदिवासी इलाकों में अंग्रेजी हुकूमत के दौरान बर्बरता चरम पर थी। मुण्डाओं ने जमींदारों, साहूकारों के विरुद्ध पहले से ही भीषण विद्रोह छेड़ रखा था।उरांवों ने भी बागी तेवर अपना लिये। तेजस्वी युवक बुधु की बड़ी-बड़ी बातें सुनकर आदिवासियों ने उन्हें अपना उद्धारकर्ता मानना प्रारम्भ कर दिया। विद्रोह के लिए बुधु के पास अब पर्याप्त जन समर्थन था। उन्होंने अन्याय के विरुद्ध बगावत का आह्वान किया। हजारों हाथ तीर, धनुष, तलवार, कुल्हाड़ी के साथ उठ खड़े हुए। कैप्टन इंपे द्वारा बंदी बनाए गए सैकड़ों ग्रामीणों को विद्रोहियों ने लड़कर मुक्त करा लिया। अपने दस्ते को बुधु ने गुरिल्ला युद्ध के लिए प्रशिक्षित किया। उन्होंने घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों का फायदा उठाकर कई बार अंग्रेजी सेना को परास्त किया।

### सभी ने बौद्धिक मदद करने का लिया संकल्प

# पुस्तक से बेहतर और कोई मित्र नहीं : संग्राम मुम



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** अजीम जी प्रेम जी फाउंडेशन द्वारा बेड़ो प्रखंड परिसर में संचालित पुस्तकालय सह टीचर लर्निंग सेंटर में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने बच्चों एवं नवयुवकों के ज्ञान एवं पठन-पाठन से संबंधित 100 बहुमूल्य पुस्तक केंद्र को सा प्रेम भेंट किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि इन बहुमूल्य पुस्तकों के जरिए प्रखंड के नवयुवक और छात्र-छात्राएं बेहतरीन ज्ञान अर्जित कर उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि है खुशी की बात है की अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा प्रखंड परिसर में पुस्तकालय सह टीचर लर्निंग सेंटर का संचालन किया जा रहा है इससे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को लाभ उठाने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि पुस्तक से बेहतर कोई मित्र नहीं होता। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने केंद्र को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम अधिकारी संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनिया अभियंता सद्दाम हुसैन अंसारी, बेड़ो की पंचायत समिति सदस्य राखी भगत सहित अन्य लोग मौके पर मौजूद थे।

### प्रमुख और उप प्रमुख ने दी आर्थिक मदद

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के प्रमुख रोहित सुरीन और उप प्रमुख संतोष कर ने शनिवार को तोरपा के मस्जिद गली निवासी पप्पू खान को खाद्य सामग्री व आर्थिक मदद दी। बताया गया कि पप्पू खान के पैर में लगभग दो महीने पूर्व इंफेक्शन हो गया था ,जिसके कारण चिकित्सकों को पैर काटना पड़ा। पप्पू के मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रमुख और उप प्रमुख उनसे मिलकर हाल-चाल जाना और मदद पहुंचायी। पप्पू के परिजनों ने बताया कि इससे पहले कोई भी जनप्रतिनिधि व नेता न उनसे मिलने आए और ना ही आर्थिक मदद पहुंचायी। परिवार की स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सिल्ली स्टेडियम में 103 गांवों के ग्रामीणों के बीच लगी खुशी चौपाल

# माटी में गुंथी है सकारात्मकता, उगती हैं खुशियों की पौध फिर तनाव कैसा, सकारात्मक रहें, खुश रहे : चौहान

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के तत्वावधान में शनिवार को सिल्ली स्टेडियम में 103 गांव के ग्रामीणों के बीच खुशी चौपाल का आयोजन हुआ। टेंसन, डिप्रेशन, आत्महत्या की प्रवृति के खिलाफ इस एलान-ए-जंग में सभी ग्रामीण खुशी परिवार से जुड़ कर खुशी दूत बनने का संकल्प लिया। एक ही गूंज, हमारी जिंदगी पर तनाव, डिप्रेशन का कब्जा नहीं हो सकता। अपनी जिंदगी हम जिएंगे, जिंदादिली से। इसके बाद आदित्य बिड़ला प्लस टू विद्यालय में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। अंतिम सत्र में हलमाद गांव में खुशी चौपाल लगा। मौके पर खुशी



क्लास के संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि प्रकृति ने बहुमूल्य जिंदगी जीने के लिए दी है, गुजारने के लिए नहीं। खुशी के साथ ही हम जिंदगी जी सकते हैं। तनाव, टेंसन में हम नारकीय अंदाज में सिर्फ जिंदगी गुजार सकते हैं। यह खुशी सकारात्मक भाव से ही आती है। कितनी भी झंझावतें आएं, सकारात्मकता का साथ कभी नहीं छोड़ें। यही सकारत्मकता हमें सभी दिक्कतों से उबार कर खुशियों से भर देती है। हाइपरटेंशन, डिप्रेशन, आत्महत्या की प्रवृत्ति महामारी का रुप लेते जा रही है। समाज से इसे भगाना है। इसे हम खुशी-सकारात्मकता के साथ ही भगा सकते हैं।

### कृषि विज्ञान केंद्र में बागवानी के प्रति किसानों को किया जागरूक

**खूंटी।** कृषि विज्ञान केंद्र दियांकेल में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर एनएचबी के कार्यक्रम और कृषि योजनाओं को लेकर शनिवार को सैकड़ों किसानों की मौजूदगी में किसान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बागवानी उप निदेशक सीपी गांधी, अशोक कुमार और एसएस पूर्ति ने किसानों को झारखंड राज्य में बागवानी को बढ़ावा देने और किसान समुदाय की आय दुगुनी ने विषय पर जानकारी साझा की। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने प्रगतिशील किसानों को कम लागत में ज्यादा अनाज उपज करने के तरीकों को विस्तृत तरीके से बताया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण किसान जानकारी के अभाव और ज्यादा उपज की उम्मीद में रासायनिक उर्वरक का उपयोग अंधाधुंध कर रहे हैं।

# आजसू सुप्रीमो से मिले खुशी मिशन के संचालक मुकेश चौहान

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** खुशी मिशन के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान सिल्ली स्टेडियम में आजसू सुप्रीमो सह विधायक सुदेश महतो से मिलकर उन्हें अपनी स्वलिखित पुस्तक ₹ खुशी क्लास ₹ सौंपी। चौहान छह दिनी खुशी अभियान के तहत सिल्ली पहुंचे थे। उन्होंने अपने खुशी मिशन अभियान की जानकारी आजसू सुप्रीमो को दी। बताया कि तनाव, टेंसन, डिप्रेसन, आत्महत्या की प्रवृति समाज में तेजी से बढ़ रही है। महामारी का रूप लेता जा रहा है तनाव, डिप्रेशन। छात्र शक्ति में आत्महत्या का अनुपात तेजी से बढ़ता जा रहा है। छोटी-छोटी बात पर बड़े लोग भी सुसाइड कर ले रहे हैं। खुशी मिशन इसे ही रोकने का प्रयास है। गांवों में खुशी चौपाल और कॉलेज-स्कूलों में खुशी क्लास का आयोजन कर जिंदगी से तनाव दूर करने को प्रेरित किया जाता है। विधायक सुदेश कुमार महतो ने खुशी मिशन की सराहना करते हुए कहा कि यह वास्तव में समाज की तस्वीर बदलेगी। खुशी और सकारात्मकता से ही हम तनाव, डिप्रेशन, आत्महत्या की प्रवृति से लड़ सकते हैं। खुशी मिशन का यह प्रयास समाज में सुखद रंग भरेगा ही भरेगा। मैं अपने स्तर से खुशी मिशन को हर सम्भव मदद करने को तत्पर हूं। मौके पर गंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, पुर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू आदि उपस्थित थे।

### डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में छात्रों का आशीर्वाद समारोह आयोजित

# सीबीएसई बोर्ड के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 10 के विद्यार्थियों जो इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा दे रहे हैं उनके लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रबंध समिति की ओर से स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार, सेक्रेट्री श्रवण कुमार एवं शिक्षकों तथा विधार्थियों ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों से कहा कि आज आप उस पड़ाव पर पहुंच गए हैं जहां से आपको अपने कैरियर को लेकर सोचना है, उसे साकार करना है। शिक्षकों ने स्कूल के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त किया कि सभी विद्यार्थी अपने अच्छे आचरण व मेहनत से अपने परिवार, स्कूल और



देश का नाम रोशन करेंगे। शिक्षकों ने बच्चों को परीक्षा के लिए टिप्स भी दिए और उन्हें बिना किसी मानसिक दबाव के परीक्षा देने को कहा और परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचने का निर्देश दिया एवं अपने साथ एडमिट कार्ड एवं अन्य सामान साथ में लेने को कहा।सभी विषय के शिक्षकों ने बच्चों को अपने विषय पर कैसे अच्छा करें उसका टिप्स दिया।बच्चों ने भी अपने- अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि इस संस्थान की बात करूं तो यहां बहुत कुछ सीखने को मिला। ऐसे टीचर मिले, जिन्होंने हमें मानव से मनुष्य बनाया यहां हमारे चरित्र का निर्माण हुआ। नैतिक मूल्यों को हमारे जीवन में आत्मसात करने का गुण हमारे शिक्षकों की ही देन है। विद्यालय के डायरेक्टर ने बच्चों को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दीं। स्कूल के सेक्रेट्री श्रवण कुमार ने भी बच्चों से कहा कि अब आप जीवन में ऐसे स्थान पर खड़े हैं जहां से आपको पीछे मुड़कर देखना बहुत जरूरी हो जाता है। समारोह के अंत में बच्चों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

# भक्ति जागरण के साथ मां शारदे की हुई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** अपर बाजार स्थित कला संगम सरस्वती पूजा महोत्सव रांची में भक्ति जागरण, ढोल ताशा के साथ शुक्रवार को शुरू हुआ। शोभा यात्रा में युवाओं और महिलाएं शामिल हुए। शोभा यात्रा के दौरान पूरा शहर जय मां सरस्वती,जय श्री राम के जयकारें से गूंज उठा। हवन कार्य के बाद मां को चूड़ा दही का भोग लगाया गया। इसके बाद भक्त आपस में अबीर गुलाल लगा कर एक दुसरे का गले मिले। इस दौरान भक्ती जागरण के साथ मां शारदे का विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता (मंटू), सचिव मनोज साहू, मुख्य प्रभारी विजय गुप्ता, अनमोल सिंह, नमन भारतीय,स्मृति सोनी, ऋषभ सरकार,प्रभाकर गौतम, उप सचिव सुशील साहू,मानिक क्रमकार राज साहू सहित अन्य लोगो का सहयोग पूजा को सफल बनाने के लिए योगदान दिया।

### डीएवी हेहल में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन




**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन के साथ हुआ। जिसके यजमान विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा एवं अभिभावक रहें। प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि डीएवी के बच्चों को ज्ञान एवं विज्ञान पर समावेशी शिक्षा प्रदान की जाती है जो उनके उन्नयन में सहायक होते हैं। उन्होंने माता के सर्वस्व समर्पण पर भावविभोर कर देने वाली एक कहानी सुनाई, जिससे सभी की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा कि इस दिवस का आयोजन माता-पिता के महत्वपूर्ण योगदान के लिए तथा उनके प्रति सम्मान प्रदर्शित करने एवं अपनी भारतीय संस्कृति को संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए किया गया। बच्चों ने प्रथम पूज्य गणेश नामक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। प्राथमिक प्रकोष्ठ की प्रभारी अनुराधा सिंह ने कहा कि हमारा विद्यालय बच्चों को भारतीय संस्कृति की शिक्षा देने तथा उनमें 'मातृ देवो भवः,पितृ देवो भवः, आचार्य देवो भवः की भावना भरने के लिए कृत संकल्पित है। इस अवसर पर रोशी वाधवानी, मुख्याध्यापिका, आनन्द स्वामी डीएवी पब्लिक स्कूल, वेस्ट एन्ड पार्क, हेहल शामिल रहें।

# आंखों की जांच के लिए गूंज परिवार व अगधबोध फाउंडेशन में हुआ एमओयू




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली स्टेडियम परिसर स्थित किसान भवन सभागार में शनिवार को गूंज परिवार ने अगधबोध फाउंडेशन के बीच एमओयू किया। कार्यक्रम के दौरान गूंज परिवार के संरक्षक सह विधायक सुदेश कुमार महतो, संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह व अगधबोध फाउंडेशन के सीईओ प्रदीप गुप्ता, निदेशक गौरव महतो ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में शिविर के माध्यम से लोगों का आंखों का जांच तो हम करा लेते हैं। परंतु बच्चों के आंखों का जांच नहीं हो पाता। उन्होंने कहा समय समय पर बच्चों के आंखों की जांच एवं इसको लेकर जागरूकता आवश्यक है। जिससे हम बच्चों के आंखों को स्वस्थ रख सकते हैं।अगधबोध फाउंडेशन के फाउंडर सह सीईओ प्रदीप गुप्ता ने कहा कि झारखंड में वंचित वर्ग के लिए मुफ्त नेत्र जांच अभियान के लिए एक पहल शुरू की है। लगातार टीवी और मोबाइल स्क्रीन के संपर्क में रहने और उचित आहार की कमी के कारण आंखों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ा है, जिससे दृष्टि में गिरावट समेत अन्य संबंधित समस्याएं हो रही हैं। फाउंडेशन ने नेत्र स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने को समय की मांग के रूप में मान्यता दी है और अभियान का उद्देश्य हाशिए पर रहने वाले वर्ग को नेत्र स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करके और जरूरत पड़ने पर मुफ्त नेत्र जांच और चश्मा प्रदान करके उनकी सहायता करना है।

## न्यूज बॉक्स

### बीआरपी सीआरपी के महासचिव ने मुख्यमंत्री को दी बधाई



**रांची।** बीआरपी सीआरपी एसएस संघ के प्रतिनिधि केंद्रीय अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद एवं महासचिव नितिन कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री झारखंड सरकार चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देते हुए बीआरपी सीआरपी के लंबित समस्या समाधान के लिए ध्यान आकृष्ट कराया माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों का काम जल्द हो जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में कौकब फिरदोष, विनीता कुमारी, पवन तिवारी, कमलकांत मेहता, रविंद्र कुमार ठाकुर,कुमार रोहित, कुमार सिकंदर, कुलदीप सुरेन, मंटू साहू के साथ अन्य साथी उपस्थित रहे।

### विधायक ने किया खेल सामग्री का वितरण



**सिल्ली।** खेलो सिल्ली अभियान के तहत सिल्ली स्टेडियम परिसर में शनिवार को प्रखंड के 16 पंचायत के कुल 240 बालक एवं 30 बालिका फुटबॉल खिलाडि ीं के बीच फुटबॉल खेल सामग्री के वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सुदेश कुमार महतो, जिला खेल पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, बीडीओ रेणु बाला, पुर्व उप प्रमुख शिला साहू समेत पंचायत प्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। जिसमें बुट जुता, मोजा, जर्सी, गार्ड आदि सामग्री शामिल है। विधायक सुरेश कुमार महतो ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल या शिक्षा के क्षेत्र में आप सभी परिश्रम और मेहनत करो, प्लेटफार्म देना मेरा काम है। ग्रामीण क्षेत्र की खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने तथा एक प्लेटफार्म तैयार कर उन्हें राज्य एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों बनाना इसके लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि बेहतर शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेल में बेहतर प्लेटफार्म दे सके जिससे वह खेल के माध्यम से भी अपना करियर बना सके। जिला खेल पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में विधायक द्वारा यह पहला ऐसा प्रयास हो रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल के लिए बेहतर प्लेटफार्म दिया जा रहा है जो आने वाला दिनों के लिए उदाहरण बनेगा। विधानसभा में उनके द्वारा किए गए कार्य काफी सराहनीय है। मौके पर गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, आर्चरी कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो,मुखिया सीमा कुमारी गोंझु , शर्मिला कुमारी, सोमरा मांझी, चंचल भोक्ता, सोमरी देवी समेत पंचायत के खेल प्रभारी , महिला समिति सदस्य एवं आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### समाज कल्याण समिति के सदस्य की पत्नी लालमणि देवी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**सिल्ली।** समाज कल्याण समिति मुरी सिल्ली के सदस्य नया बाजार निवासी रामनाथ यादव की पत्नी लालमणि देवी उम्र 50 वर्ष का आकस्मिक देहांत हो गया। जिससे मुरी सिल्ली में देहांत की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्वर्णरिखा नदी तट पर किया गया। समाज के सदस्यों के द्वारा उनके आत्मा को शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया। इस मौके पर प्रवीण पांडेय, कमलेश दुबे, मारुति नंदन मिश्रा, जितेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, शर्मा नंद यादव, राजेश यादव, रमेश राय, लालू यादव, सोमनाथ यादव, चाँद यादव, सूरज यादव, राम जी, सोनू, बसंत, ओम प्रकाश आदि उपस्थित थे।

### 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन



**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन समारोह, और 30 दिवसीय टू व्हीलर मैकेनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि श्री संजीत कुमार चौधरी अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा किया गया । मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण लेने आए और प्रशिक्षण पुरा कर चुके सभी प्रशिक्षणार्थी को प्रमाण पत्र देते हुए एवं बेहतर तरीका से कार्य करने और आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दिए साथ ही साथ स्वयं का रोजगार करने और बैंक से लोन लेकर भी अपने रोजगार को आगे बढ़ाने और दूसरो को भी रोजगार देने का सलाह दिए। साथ ही लीड बैंक से आए ऑफिसर बेंजिम मुर्मू ,सोमनाथ कुमार मौजूद रहे। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने मुख्य अतिथि को शॉल देकर सम्मानित किया और धन्यवाद ज्ञापन किया । मौके पर रुडसेट संथन के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार,जगदीश चंद्र महतो, गणेश कुमार, सैद आलम, दशरथ कुमार महतो ,सुनील मुंडा उपस्थित रहे।

### हत्यारों के चंगुल से भाग निकली युवती, सीडब्ल्यूसी ने दिया सहारा

**रामगढ़।** 12 साल की दिव्यांग बालिका ने अपराधियों के चंगुल से बचकर वह हिम्मत दिखाई है, जो शायद एक आम नागरिक ना दिखा पाए। उस बेसहारा बच्ची को रामगढ़ में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने सहारा दिया। उस बच्ची की पहचान बोकारो जिला निवासी विपिन बनर्जी की पुत्री पूर्णिमा बनर्जी के रूप में हुई है। पूर्णिमा को उस वक्त सीडब्ल्यूसी ने अपने कब्जे में लिया, जब वह अनुमंडल कोर्ट के पास पहुंची थी। वहां के अधिवक्ताओं ने पूर्णिमा की तस्वीर ली और सोशल मीडिया पर उसे वायरल किया। जब चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को इसकी सूचना मिली तो उसके सदस्य भी तत्काल अनुमंडल कोर्ट पहुंचे और उस 12 वर्षीया पूर्णिमा बनर्जी को अपने साथ लेकर गए। इस पूरे मामले में समाज कल्याण पदाधिकारी कनकलता तिर्की ने बताया कि पूर्णिमा को बेहद ही सुरक्षित तरीके से रखा गया है। पूछताछ के दौरान उस दिव्यांग बच्ची ने बताया कि कुछ आपराधिक तत्व के लोगों ने उसे जबरन उठाया था। उन अपराधियों की मंशा उस बच्ची की हत्या करने की थी।

## एक नजर

### मंत्री बनने पर हफीजुल हसन को दी बधाई



**हजारीबाग।** 15 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य निसार खान ने हफीजुल हसन को नए मंत्रीमंडल मे पुनः शामिल किए जाने पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है तथा हफीजुल हसन को अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एंव युवा कार्य विभाग का मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई दी है । श्री खान ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों की समस्याओं को अपने संज्ञान मे लेते हुए समास्याओं का समाधान करने में मंत्री हफीजुल हसन अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे ।

### अल्पसंख्यक बेरोजगार संघर्ष समिति लोकल सेल को लेकर बैठक

**रामगढ़।** स्थानीय अल्पसंख्यक बेरोजगार संघर्ष समिति गिद्दी क्षेत्र की बैठक शनिवार को गिद्दी ए रोड सेल चालू करने को लेकर हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा अल्पसंख्यक बेरोजगार संघर्ष समिति को दर किनार करने की साजिश चल रही है। प्रबंधन भी अल्पसंख्यक बेरोजगार संघर्ष समिति के प्रति उदासीन बनी हुई है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश के आलोक में गिद्दी रोड से चालू होने संबंधित लिखित और मौखिक अनुमंडल अधिकारी, गिद्दी परियोजना प्रबंधन के साथ त्रिपक्षीय बैठक कराई जाए, ताकि समिति अपनी बातों को रख सके। यदि बिना पूर्ण सहमति के गिद्दी रोड सेल को चालू किया जाता है।

### महिला ने मुख्यमंत्री और उपायुक्त से आवास के लिए लगाई गुहार

**रजरप्पा।** चितरपुर पूर्वी पंचायत जवाहर पथ की रहने वाली गरीब महिला हेमा देवी ने मुख्यमंत्री, उपायुक्त व बीडीओ को आवेदन देकर अबुआ आवास योजना में किए जा रहे अनियमितता को लेकर न्याय की गुहार लगाया है। इन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि वह बेहद गरीब परिवार से है। किसी तरह जीर्ण शीर्ण मकान में रहने के लिए विवश हूं। चितरपुर प्रखंड बनने के समय से ही आवास योजना का मांग करती रही हूं। बरसात के दिनों में हर साल काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा बरसात में छप्पर गिर जाने के बाद बेघर होने के हालात में आ गई। एस्बेस्टस सीट डालकर वर्तमान में रहती हूं। सरकार के अबुआ आवास योजना में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पूरी प्रक्रिया की। बताया गया कि अबुआ आवास योजना के प्रथम सूची में मेरा नाम आया। जिसके बाद पंचायत सचिवालय बुलाया गया और कई कागजातों पर हस्ताक्षर करवाए गए। 26 जनवरी को पंचायत सेवक के साथ उपेंद्र चौधरी घर पहुंचे और आवाज देकर प्रक्रिया के तहत जीयोटेक करवाया गया।

## तिलैया डैम से अपहृत बच्चे का शव बरामद, दो गिरफ्तार

# फिरौती के लिए बच्चे का सगा चाचा ने ही किया था अपहरण : एसडीपीओ

**गोताखोरों को जिला प्रशासन से उचित सुविधाए मुहैया करवाने की बात कही गयी**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** अथक प्रयास के बाद जामुखाड़ी के गोताखोरों ने 10 वर्षीय दीपक का शव तिलैया डैम से खोज निकाला. इसकी सूचना शनिवार की सुबह 8 बजे मिली. जानकारी मिलते ही बरही इंस्पेस्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार, सीओ रामनारायण खलखो और एसडीपीओ मो नौशाद आलम घटना स्थल पर पहुंचे. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया. एसडीपीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि मृत बच्चा चलकुसा निवासी प्रकाश पंडित का पुत्र है. जिसे बच्चे के सगे चाचा अजय साव ने फिरौती के लिए अपहरण किया था. फिरौती नही मिलने पर बच्चे को अपने सहयोगी दीपक पंडित के साथ मिलकर गला घोंटकर हत्या कर दिया. साक्ष्य छिपाने के ख्याल से शव को जवाहर घाट स्थित तिलैया डैम में फेंक दिया. इसकी जानकारी होते ही शुक्रवार से जामुखाड़ी के गोताखोरों की सहायता से शव खोजने का काम किया जा रहा था. जिसमे शनिवार की सुबह सफलता मिली. मामले के संबंध में दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. बचाव कार्य में पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर, जेबीकेएसएस के कृष्णा यादव सहित जामुखाडी के राजकुमार रविदास व विकास कुमार दास की गोताखोर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही. टीम में स्थानीय लोगो ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया. टीम में संजय कुमार दास, कुलदीप रविदास, बिनोद रविदास, अशोक कुमार दास, सुनील रविदास, जितेंद्र कुमार दास, पवन कुमार दास, सचिन कुमार दास, गुलाब चंद्र दास, प्रकाश रविदास, किसुन रविदास आदि सहित कुल 20 सदस्य शामिल थे. इनलोगों ने बताया कि 60 फीट गहरे पानी से शव तलाशने का काम किया गया है. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने गोताखोरों को जिला प्रशासन से उचित सुविधाए मुहैया करवाने व प्रशस्ति पत्र प्रदान करने हेतु अनुशंसा करने की बात कही है. घटना स्थल पर बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव भी पहुंचे और वस्तुस्थिति से अवगत हुए.

# राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में खतियानी परिवार की बैठक



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग शहर के पुराने समाहरणालय के समीप स्थित धरना स्थल के समीप खतियानी परिवार की बैठक बाबु भाई विद्रोही की अध्यक्षता मे हुई। बैठक में सरकार को राज्य मे व्याप्त रिश्वतखोरी पर जम कर कोसा गया।कहा गया कि अंचल ब्लॉक और जिलो मे कोई काम बिना रिश्वत दिए नही हो रहा ऐसे में झारखंडी भाई गठबन्धन सरकार के खिलाफ वोट करें तो कोई हैरत की बात नही। यदि सरकार हमारा समर्थन चाहती है तो भ्रष्ट अधिकारियों या कर्मचारियों की शिकायत मिलने पर उन्हें अविलंब बर्खास्त कर जेल मे डाले। एलपीसी,रजिस्टर 11में नामांकन, अबुआ आवास पीएम आवास समेत सभी विकास कार्यो मे पर्सेंटेज व घुस का खेल समाप्त करे। डीटीओ ऑफिस मे भी दलालो दुवारा पैसो की वसूली बन्द की जाय।इसके अलावा झारखंड अलग राज्य के समर्पित अन्दोलन्कारियों को चिन्हित कर सम्मान, पेंशन व परिवार के सदस्यों को नौकरी दे। बैठक मे मो हकीम, सईद अहमद, बोधी साव, रामावतार भगत, सुरेश महतो, विजय मिश्रा, सुबोध भगत, अशोक राम, महेश विश्वकर्मा, शम्भु ठाकुर, हनजला हाश्मी, अन्वर हुसैन, तनवीर अहमद समेत खतियानी परिवार के कई सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### जेबीकेएसएस पत्रकारों को आज करेगा सम्मानित : महेंद्र प्रसाद



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के तमाम पत्रकारों का स्वागत सह सम्मान समारोह जेबीकेएसएस के द्वारा बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में रविवार को 3:00 बजे से किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए झारखंड बचाओ खतियानी संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पत्रकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम निर्धारित तिथि को करना है।इसमें बरकट्ठा के तमाम पत्रकार और जेबीकेएसएस के वरीय सदस्य उपस्थित होंगे। कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ हैं। इसलिए पत्रकारों का सम्मान करना हम सबों का कर्तव्य है ।इससे झारखंड बचाओ संघर्ष समिति को जहां एक और मजबूती मिलेगी वहीं दूसरी ओर पत्रकारों द्वारा मार्गदर्शन भी मिलेगा।भविष्य में झारखंड को ऊंचाई पर ले जाने में हम सब एक दूसरे को साथ देंगे।

### सर्वजन पेंशन योजना के तहत जागरूकता वाहन को उपायुक्त ने झंडी दिखाकर किया रवाना



**रामगढ़।** सर्वजन पेंशन योजना के तहत 20, 21 एवं 22 फरवरी को जिले के सभी पंचायतों में आयोजित होने वाले विशेष शिविर के प्रति आम जनों को जागरूक करने को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सर्वजन पेंशन योजना के तहत अब 50 वर्ष की आयु से अधिक की महिलाएं एवं अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष पेंशन योजना का लाभ ले सकेंगे। इसी के मद्देनजर ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुको को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने के मद्देनजर 20 फरवरी से 22 फरवरी तक जिले के सभी पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। मौके पर उप विकास आयुक्त, नजारत उपसमाहर्ता, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, एसमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रेस क्लब प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों से की मुलाकात




**हजारीबाग।** प्रेस क्लब हजारीबाग एक्सक्यूटिव कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने 17 फरवरी को एसपी अरविंद कुमार सिंह, एसी संतोष सिंह और निवर्तमान डीपीआरओ पंचानन उरांव से मुलाकात की। एसपी ने खुशनुमा माहौल में पत्रकारों से विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। खासकर पत्रकारों की सुरक्षा से जुड़े सवालों, जनता की समस्याओं, नौनिहालों की शिक्षा, उनके संस्कार, गुरुजनों के सम्मान पर बेबाक अपनी राय रखी और मधुर सामाजिक संदेश दिया। उन्होंने जिले की विधि व्यवस्था में सहयोग के प्रति पत्रकारों की भूमिका पर भी चर्चा की। वहीं अपर समाहर्ता ने भी प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों से दिल खोल कर बात की। निवर्तमान डीपीआरओ ने भी पत्रकारों से मिलने वाले सहयोग के प्रति सहृदय आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल में प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप, सचिव मिथिलेश मिश्र, उपाध्यक्ष उमेश राणा, अभय सिंह, संयुक्त सचिव नवीन सिन्हा, कोषाध्यक्ष अमरनाथ पाठक, कार्यकारिणी सदस्य बबलू कुमार, निरंजन कुमार, प्रमोद खंडेलवाल, अनवर फिदवी, दीपक पासवान, प्रकाश पांडेय, रीतेश खंडेलवाल आदि शामिल थे।

### पंचायती राज विभाग में पदस्थापित कनीय अभियंता ने लगायी फांसी, जांच में जुटी पुलिस



**रामगढ़।** गोला प्रखंड में पंचायती राज विभाग में पदस्थापित अभियंता सुधांशु कुमार 30 वर्ष द्वारा फांसी लगा लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में बताया जाता है की सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट के 1बी/2 क्वार्टर से शनिवार को सुधांशु कुमार का शव फंदे से झुलता बरामद किया गया। मृतक भुरकुंडा के चिकोर के रहने वाले थे। 16 फरवरी को डयूटी से आने के बाद वे क्वार्टर में थे। सुबह जब काफी समय तक उनके क्वार्टर का दरवाजा नही खुला तो आस पास रहने वाले चिंतित दिखने लगे। बताया गया की उनके परिजन भी मोबाइल पर फोन कर रहे थे। लेकिन कॉल रिसीव नही हो रहा था। तब इसकी सूवना रजरप्पा थाना को दी गयी। इसके बाद थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे पुलिस बल के साथ पहुंचे। क्वार्टर के दरवाजे को तोड़कर पुलिस अंदर प्रवेश की। जहां अभियंता सुधांशु कुमार के शव को फंदे से झुलता पाया गया। घटना की जानकारी के बाद बीडीओ संजय कुमार सांडिल्य मौके पर पहुंचे। बीडीओ ने कनीय अभियंता के देहांत पर शोक संवेदना व्यक्त की। इधर, पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### नव नियुक्त थाना प्रभारी से जनप्रतिनिधि व अन्य ने की शिष्टाचार मुलाकात



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सी के पाण्डेय व अन्य ने नवनियुक्त गोरहर थाना प्रभारी से शिष्टाचार मुलाकात किया तथा उन्हें अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने कहा कि गोरहर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर नजर रखना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। जिला प्रशासन एवं अधिकारियों के मार्गदर्शन व सहयोग के साथ जनता के बीच में जाएंगे। उनकी समस्याओं से अवगत होकर कठिनाइयों को दूर करने का पुरा प्रयास करेंगे। कोई भी व्यक्ति उनके पास फरियाद लेकर आएगा तो उसकी सुनवाई होगी। इस दौरान उन्होंने जन प्रतिनिधियों एवं आम लोगों से सहयोग करने की अपील की है।

## आयुष्मान भारत के तहत उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# मरीजों के प्रति सतर्क रहें चिकित्सक



**चिकित्सकों की आवश्यकता को पूरा करने के मद्देनजर योजना तैयार करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत एक वर्षों में सदर अस्पताल सहित जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों आदि के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को उपलब्ध कराए गए लाभ की समीक्षा की। उपायुक्त ने जिले के सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों, आकस्मिक स्वास्थ्य उपकरणों आदि की समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को सदर अस्पताल रामगढ़ में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की आवश्यकता को पूरा करने के मद्देनजर योजना तैयार करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि मरीजों की बेहतर इलाज के लिए स्वास्थ्य चिकित्सक हमेशा सतर्क रहें ताकि किसी तरह की लोगों को परेशानी न हो सके। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध जांच सेवाओं की भी जानकारी ली। वहीं उपायुक्त ने रामगढ़ शहर अंतर्गत पटेल चौक के समीप अवस्थित ट्रॉमा सेंटर में सड़क दुर्घटनाओं सहित अन्य आकस्मिक परिस्थितियों के मद्देनजर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले में कार्यरत आयुष्मान मित्रों की जानकारी लेते हुए आवश्यकता अनुसार आयुष्मान मित्रों की रिक्तियों को भरने तथा आयुष्मान मित्रों के माध्यम से मरीजों को आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से बेहतर तरीके से लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया।

# ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया गया रक्तदान शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए ,वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने तीसरे दिन शनिवार को भी थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया। उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया। शिविर का शुभारंभ अभिषेक अग्रवाल ने अपनी पत्नी अनीता बुबना के साथ रक्तदान करके किया। अभिषेक अग्रवाल का यह 39 वा रक्तदान था साथ ही अपने जन्मदिन के अवसर पर शोएब अहमद ने रक्तदान किया। तत्पश्चात राहुल शर्मा, मोहम्मद अली खान, किशोर साव, मिनरल सिंह, आलोक कुमार मिश्रा, मोहित मेहता, पिंटू यादव, राजीव कुमार, दिलीप गुप्ता, गगन साव जय प्रकाश एवं राहुल ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्ज्वल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए साधुवाद देते हुए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन कार्यकारिणी सदस्य रजत जैन, मोहम्मद अली खान, किशोर साव मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मुकीम अख्तर, शीला कुमारी, अमन कुमार, पूनम कुजूर,सारा मरियम, उदय कुमार एवं मधु कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

# भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शनिवार को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 36 वीं पुण्यतिथि समारोह कर्पूरी चौक नुरा हजारीबाग में आयोजित हुआ। आयोजन भारतीय नाई समाज जिला कमिटी हजारीबाग ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि सुरेश ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष भारतीय नाई समाज झारखंड,ने जननायक की जीवनी को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ने कहा की जननायक कर्पूरी ठाकुर को कई वर्षो से भारत रत्न देने की मांग कई संगठन सहित पूरे भारत के नाई समाज करता रहा था। भारत सरकार से मांग करते रहे थे। उन्हे भारत रत्न देने के सरकार के इस फैसले से पूरे भारत के नाई समाज में खुशी की लहर है।वहीं गौतम सागर राणा ने कहा कि ये सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। प्रेमचंद राम ने कहा कि ये एक व्यक्ति नहीं विचार थे। राजू खंडेवाल ने कहा कि वे स्वतंत्रता सेनानी और एक अच्छे राजनीतिज्ञ भी रहे। जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर अधिवक्ता ने कहा कि ये हमेशा दलितों और पिछड़ों के उत्थान के लिए काम करते रहे। ये हमारे लिए हमेशा पुजनीय है। समारोह में सीता राम जिला कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव राजेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष प्रह्लाद ठाकुर शामिल रहे।धन्यवाद ज्ञापन केश कला बोर्ड के जिला अध्यक्ष मुना ठाकुर ने किया।

# मारपीट व दर्ज फर्जी मुकदमें को लेकर मुखिया संघ की आक्रोश रैली आज



**मुखिया संघ राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बरही थाना परिसर में लोकतांत्रिक तरीकों से धरना प्रदर्शन करेंगे**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** रविवार को बरही मुखिया संघ ने आक्रोश रैली का आयोजन किया है. उक्त निर्णय शनिवार को संपन्न हुए मुखिया संघ के बैठक में ली गई. जिसकी लिखित सूचना संघ ने एसडीओ को दी. एसडीओ को दिए जानकारी में बताया गया है कि बीते 13 फरवरी को हरिला निवासी नागेंद्र प्रसाद ने धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद पर जानलेवा हमला किया. इसे लेकर पीड़ित मुखिया ने प्राथमिकी भी दर्ज करवाई है. बाबजूद आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है. इसके ठीक विपरीत आरोपी के भाई राजेंद्र प्रसाद के आवेदन पर पीड़ित मुखिया के विरुद्ध ही प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है. ऐसे में जनप्रतिनिधि सुरक्षित नहीं है और कभी भीं अप्रिय घटना घट सकती है. आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी व उचित कार्रवाई की मांग को लेकर करीब ढाई हजार लोग रविवार को मुखिया संघ राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बरही थाना परिसर में लोकतांत्रिक तरीकों से धरना प्रदर्शन करेंगे. यह भी संघर्ष न्याय मिलने तक जारी रहेगा. बैठक पूर्वी पंचायत भवन में मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई. जिसमे धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा, कोनरा मुखिया यास्मीन तबस्सुम, पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर, हरेंद्र यादव, केदारूत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, गौरियाकरमा मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम आदि उपस्थित थे.

## गैस लीकेज होने से सिलेंडर में लगी आग

# पांच लाख रुपए मूल्य के सामान जलकर हुए खाक, बाल-बाल बची महिला



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** ओपी क्षेत्र के आरा कोलियरी 96 नंबर कॉलोनी चांदनी चौक स्थित एक क्वार्टर में शनिवार करीब 11 बजे गैस सिलेंडर में आग लगने से करीब 5 लाख रुपए मूल्य के समान जलकर राख हो गये। इस संबंध में क्वार्टर में रहने वाली अभिनंदन सिंह उर्फ बिक्कू सिंह की पत्नी प्रीति सिंह ने अग्निशमन पदाधिकारी रामगढ़ के समक्ष अपने बयान में कहा कि शनिवार 11 बजे खाना बनाने के दौरान अचानक रसोई गैस सिलेंडर में लिकेज होने से आग लग गई। अफरातफरी माहौल के बीच घर से बाहर निकल कर शोर मचाया। स्थानीय लोगों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन असफल रहे। करीब 1 घंटे मशक्कत के बाद रामगढ़ व घाटों से आये फायर ब्रिगेड कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। साथ ही सिलेंडर को खुले क्षेत्र में ले जाकर बुझाया गया। आग लगने से कमरे में लगी एलसीडी टीवी, दिवान, बिस्तर, कपड़े, रुपये समेत अन्य घरेलू सामग्री जल का राख हो गए। वही, गृहणी बाल बाल बच गयी। इस आग लगी घटना से भुक्तभोगी परिवार को लगभग 5 लाख रुपए मूल्य के साम्रगी नुकसान उठाना पड़ा है। इधर आस-पास के क्वार्टरों में रहने वाले भी डर से अपने घरों के सिलेंडर को निकाल खुला क्षेत्र में रख दिया। आग पर काबू पाए जाने के बाद क्वार्टर वासियों ने राहत की सांस ली। वही, मौके पर कुजू ओपी के सअनि एसके ठाकुर सदल बल पहुंचकर लोगों को आग लगी क्षेत्र से हटाने का कार्य किया। बताया जाता है कि क्वार्टर में महिला अपने नौ वर्ष पुत्र व चार वर्ष पुत्री के साथ रहती थी। वहीं उसका पति कुछ कार्य को लेकर गया बिहार गये हुए थे। घटना की सूचना पाकर कुजू ओपी के सअनि एसके ठाकुर भी पहुंचकर मामले की जानकारी लिया।

### करमा में श्री-श्री 1008 सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन

**कुजू।** करमा स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले श्री-श्री 1008 सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर शनिवार को भूमि पूजन किया गया। साथ ही पूजन स्थल पर ध्वजारोहण किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल करमा परियोजना के पीओ पवन कुमार उपस्थित हुए। इस दौरान पुरोहित महेंद्र तिवारी, जनार्दन तिवारी, मुकेश तिवारी, नीरज पांडेय व विष्णु पांडेय ने यजमान बने रोहन महतो सपत्नीक के हाथों पूजन संपन्न कराया। भूमि पूजन पूरे विधि विधान से कराने के साथ ही यज्ञ के ध्वजा को स्थापित किया गया। यहां यज्ञाचार्य जगत गुरू श्री मधुसूदनाचार्य जी महाराज श्री डंडी सेवा आश्रम बक्सर बिहार शालीग्राम शास्त्री के नेतृत्व में 2 मार्च सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। भूमि पूजन कार्यक्रम का संचालन गुड्डू वर्मा ने किया। पूजन कार्यक्रम में समिति संरक्षक मथुरा साव, किनू राम, राजनाथ महतो, धनेश्वर महतो समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## निःशुल्क दंत जांच शिविर का हुआ आयोजन

# 131 ग्रामीणों का दांत का हुआ जांच,स्वास्थ्य का लिया परामर्श



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** श्रीनिवास अस्पताल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के द्वारा ईचाक स्थित बरकाखुर्द पंचायत भवन में दिन शनिवार को निशुल्क दंत जांच शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 131 ग्रामीणों का मुफ्त दांत का जांच हुआ एवं चिकित्सकों द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ टूथ ब्रश एवं टूथ पेस्ट वितरण भी किया गया। साथ ही दवाईयां भी वितरण किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर के आयोजन में स्थानीय पंचायत के जन प्रतिनिधियों ने विधि-व्यवस्था में अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर में निष्कर्षण एवं स्केलिंग का उपचार भी निःशुल्क किया गया। हजारीबाग डेंटल कॉलेज सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य का देखभाल प्रदान करना है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच रहा है।

## एक नजर

### ताईक्वांडो का एक दिनी बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा आयोजित

**झुमरी तिलैया।** झारखंड ताईक्वांडो संघ कोडरमा के तत्वावधान में मॉडर्न पब्लिक स्कूल में शनिवार को छात्र-छात्राओं का एक दिनी बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें करीब 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बेल्ट ग्रेडिंग के परीक्षक ब्लैक बेल्ट पांचवां डॉन अशोक कुमार मौजूद थे। बेल्ट ग्रेडिंग में बेल्ट पाने वाले खिलाड़ी रेड बेल्ट में अभिनव आयुष, आरव चौधरी, ब्लू बेल्ट में श्रव्या शाहा, रचिता राज, ग्रीन वन में बेल्ट रक्षित राज, चारवी जैन, हरसील

### श्री श्री 108 श्री विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहन

**कोडरमा / मरकच्चो।** प्रखंड के ग्राम जामु में दो मार्च से आयोजित श्री श्री 108 श्री विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर शुक्रवार को विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहन किया गया। इसके पूर्व ग्रामीणों के द्वारा नगर भ्रमण के लिये भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण से ध्वज के साथ निकली शोभा यात्रा शिव मंदिर, पंचायत भवन,सार्वजनिक दुर्गा मंदिर जामु से होते हुए बिंडा,कोशडीहरा, मदनपूर, हरलाडीह आदि जगहों का भ्रमण करते हुए पुनः वापस राणा मोहल्ला स्थित विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां यज्ञाचार्य श्री कृष्ण देव कन्हैया जी महराज व पुजारी वीरेंद्र राणा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर ध्वजारोहन किया गया।

### बचपन प्ले स्कूल को मिला टार्च बियरर अवार्ड स्कूल का सम्मान

**कोडरमा।** छठी फ्रेंचाइजी मेस्ट्रो अवार्ड में बचपन प्ले स्कूल झुमरी तिलैया को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए टॉर्च बियरर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समारोह एसके एजुकेशन प्रा लि द्वारा नई दिल्ली स्थित डॉ आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित था। बतौर मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेता सह निमार्ता गुलशन ग्रोवर थे।

### भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिनी श्री श्री 1008 शतचंडी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

**कोडरमा।** भव्य कलश यात्रा के साथ प्रखंड के बुचिटांड में नौ दिनी श्री श्री 1008 शतचंडी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुक्रवार से शुरू हो गया। शुरूआत महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कलश यात्रा में 2100 कन्याएं, महिलाएं सुबह यज्ञ परिसर पहुंचीं। माथे पर कलश लेकर करीब पांच किमी पैदल गांव का भ्रमण करते हुए उतरवाहिनी नदी गैठीबाद में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा। इसके बाद कलश यात्रा पूरे बगड़ो होते हुए यज्ञ परिसर पहुंची। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने जय श्री राम, जय माता दी,जय हनुमान, हर घर भगवा छाएगा, जब राम राज आएगा,हर-हर महादेव आदि की जयकारे लगाए।

---

### उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक

# पदाधिकारियों को लंबित कार्यों को लगातार मॉनिटरिंग कर पूर्ण करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को ग्रामीण विकास विभाग की प्रगति प्रतिवेदन आधारित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, बिरसा आवास, पीएम जनमन , बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, बिरसा हरित ग्राम, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना की समीक्षा के क्रम में कहा कि कैटिगरी वाइज लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों का चयन करते हुए जिओ टैंग कराते हुए यथाशीघ्र पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए एंट्री सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित पदाधिकारियों को लंबित कार्यों को लगातार मॉनिटरिंग करते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया। बिरसा आवास योजना के अंतर्गत आपदा प्रभावित एवं हाथी के प्रभाव से पीड़ित लाभुकों चयन कर योजनाओं से अच्छादित करने एवम कार्य की मॉनिटरिंग करते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया एवं कार्य प्रारंभ हो चुके योजना को एमआईएस पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित करने की बात कहीं। उन्होंने ने बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत जिले में आम पौधा के अलावा नींबू, अमरूद, कटहल एवं अन्य फलों का पौधा लगाने का निर्देश दिया।उन्होंने समीक्षा के दौरान मानव दिवस सृजित करने की वर्तमान स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। इसके साथ ही संचालित सोकपिट, कंपोस्ट पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, शौचालय, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत पशु शेड निर्माण के कार्यों सहित आधार सीडिंग से संबंधित कार्यों में लक्ष्यानुसार सुधार लाने हेतु निर्देश दिया ।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, डीआरडीए डायरेक्टर रवि किशोर राम, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक परियोजना पदाधिकारी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, बीपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

### बाल अधिकारों को लेकर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

**डोमचांच।** प्रखंड अंतर्गत गरायडीह पंचायत लरियाडीह में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फॉउंडेशन के तत्वावधान में बाल अधिकारों को लेकर कानूनों के प्रति लोगों को जागरूक करने कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्राधिकार के रंजीत कुमार ने बताया की बाल अधिकारों को सुनिश्चित करने कई कानून बनाएं गए हैं। इसे लोगों तक पहुंचाना सभी का दायित्व है ' बच्चों के लिए बेहतर वातावरण निर्माण के लिए प्राधिकार हर समय उपलब्ध है। जब कभी बच्चों से संबंधित कानूनी मदद की जरूरत हो,बेझिझक प्राधिकार से संपर्क करें। प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को लोक अदालत में अपनी समास्यों का निवारण कर सकते है। प्राधिकार के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने कहा कि बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित कराने, बाल विवाह, बाल मजदूरी जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने मिशन वात्सल्य के तहत ग्राम पंचायत में संगठन के साथ मिलकर काम किया जा रहा है।

### स्कूल में विधायक कंप्यूटर कक्ष का किया उद्घाटन

# 5 किलोमीटर कालीकरण पथ का भी किया शिलन्यास



नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने शनिवार को प्रस्तावित उच्च विद्यालय टुट्टीकेल में कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन तथा सोकोरला बजार से लुडगी नदी सरधाटोली तक 5 किलोमिटर कालीकरण पथ का शिलान्यास किया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क काफी खराब हो गई थी जिससे कि आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और इस मामले में पूर्व मे विधायक ने खुद श्रमदान कर मरम्मत किया था। उन्होंने कहा की अनुशंसा करने के पश्चात मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत यहां पर नई सड़क का निर्माण होगा जिससे कि आवागमन में अब लोगों को सुविधा होगी। उन्होंने पूर्व मंत्री ऐनोस एक्का पर निशाना साधा और कहा एनोस एक्का कहते फिरते हैं विकास किया परन्तु 15 साल का उनका विकास अभी तक जमीन पर नहीं दिखाई दे रहा है ।लोगों को अभी भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है यह योजना बनाई भी गई है तो खंडहर बन चुका है ।उन योजनाओं के पैसे से जेब भरा गया है। परंतु हमने काम किया हमने बहुत कम समय में केवल 4 साल में जिसमें कभी भी 1 साल कोरोना कल के चलते विकास का काम रुका रहा। पूरे विधानसभा क्षेत्र के पांचो प्रखंड के सभी पंचायत में विधायक मद से योजना दिया गया है। कई अल्पसंख्यक विद्यालय का भी निर्माण कराया गया है ।सामाजिक कार्यों के लिए भी सामुदायिक भवन दिए गए हैं। खड़िया डोकलो , मुंडाओं एवं उरांवो को भवन, मुस्लिम को भी दिया गया है ।पूरे विधानसभा में कई बड़े-बड़े पूलों कालीकरण पथ आदि का अनुशंसा कर भेज दिया गया है । टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है ।जल्द ही क्षेत्र का विकास के लिए यह सभी योजनाएं बनाई जाएगी।

### बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनाई गई पुण्यतिथि

**डोमचांच।** नगर पंचायत स्थित कपूरी चौक पर शनिवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई। बतौर मुख्य अतिथि राजद के वरिष्ठ नेता सुभाष यादव,जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव मौजूद थे। शुरूआत जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और उन्हें नमन कर किया गया। राजद नेता सुभाष यादव ने कहा कि वे सादगी और ईमानदारी के प्रतिमूर्ति थे। दो-बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। जननायक सहज, सरल, मृदुभाषी, ईमानदारी की प्रतिमूर्ति, गरीबों और वंचितों की सशक्त आवाज,कुशल राजनीतिज्ञ थे। उनके सिद्धांतों पर चलकर ही राज्?य का सर्वांगीण विकास संभव है। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर हमेशा से जनता के हित में कार्य किया। वे निष्पक्ष भाव से राजनीति किया। उनके विचारधाराओं को अपने- जीवन में अपनाने की जरूरत है। मौके पर अधिवक्ता शिवनंदन शर्मा, महादेव यादव, परवेज खान, कंचन यादव आदि मौजूद थे।

# लीड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल लिस्ट को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा में शनिवार को प्रार्थना सभा में कक्षा एलकेजी का छात्र जॉय इरिस केरकेट्टा को अभिभावक की उपस्थिति में विद्यालय की प्राचार्या के द्वारा सम्मानित किया गया। जॉय के द्वारा लीड चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी जगह सेमीफाइनल पर बनाया। बच्चे के माता-पिता ने विद्यालय का आभार जताते हुए कहा कि हम एक सेमी-फाइनलिस्ट के माता-पिता के रूप में, इस प्रतियोगिता में उनकी यात्रा का गवाह रहा हूं और उनकी सफलता से बेहद खुश हूं। जॉय की जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि स्कूल द्वारा प्रदान किए गए मंच, उत्कृष्ट मार्गदर्शन और समर्थन का भी प्रमाण है। मैं स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को उनकी अथक मेहनत और समर्पण के लिए विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूँ।

# झामुमो ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरुद्ध पदयात्रा कर न्याय मार्च निकाला

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा नहीं ठेठईटांगर में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी के विरुद्ध पदयात्रा कर शनिवार को न्याय मार्च निकाला। मौके पर ठेठाईटांगर प्रखंड के राजाबासा पंचायत, केरेया पंचायत और जोराम पंचायत में पदयात्रा कर न्याय मार्च निकाला 'इस न्याय यात्रा में झामुमो के नेताओं ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद, जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा आदि नारे लगाए मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा की झारखंड राज्य एवं देश की वर्तमान राजनीतिक हालात बहुत ही गंभीर है ' उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार अपने केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए बेवजह प्रताड़ित कर रहा है ।यही नहीं देश के अन्य प्रदेशों में भी जहां भारतीय जनता पार्टी या भाजपा समर्थित पाटीर्यां सरकार में नहीं है,वहां विधायकों की खरीद-फरोख्त और ईडी,इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आदि केंद्रीय एजेंटीयों का दुरुपयोग आदि तमाम हथकंडे अपना कर डरा धमका कर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है।

### कॉलेज में मनाई गई भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती

# छात्राओं के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा की ओर से पार्वती शर्मा महिला इंटर महाविद्यालय सिमडेगा के सभागार में इस वर्ष भारत रत्न से सम्मानित किए गए जननायक कपूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर द्वारा कपूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मौजूद सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं और छात्राओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। तत्पश्चात प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर ने जननायक कर्परी ठाकुर के जीवन और उनके द्वारा सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद जिला युवा अधिकारी, प्राचार्य और शिक्षक - शिक्षिका के द्वारा कर्पूरी ठाकुर के नाम पर महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में सभी छात्राओं के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका सांगा, द्वितीय स्थान चांदनी कुमारी महतो और तृतीय स्थान सुभंती कुमारी ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक संजय पान, सुषमा प्रधान और सरिता लुगुन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर शिक्षक रमेश कुमार काशी, प्रियंका राज मुंडा, सुमन लकड़ा, दुर्ग विजय सिंह, ज्योति तिर्की और अजिताभ राज मौजूद रहें।

### राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ ने पदाधिकारी से की मुलाकात

# शिक्षकों के सहयोग से ही सिमडेगा में कई काम किये गए हैं : डीईओ



**जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि संघ से वर्तमान में हमें लोकतंत्र के महापर्व के वोटिंग परसेंटेज को बढ़ाने में मदद की उम्मीद है**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ सिमडेगा के अध्यक्ष अलेकसियुस कुजूर एवं सचिव प्रभात कल्लू के नेतृत्व में नव चयनित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा, जिला शिक्षा अधीक्षक सिमडेगा एवं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा से शिष्टाचार मुलाकात किया। प्रतिनिधि मंडल के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को समिति की सूची सौंपी गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों को कहा गया कि विभाग और संघ के बीच अन्योन्याश्रय संबंध होना चाहिए जिससे शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की समस्या के साथ-साथ छात्र हित में भी सहजता के साथ कार्य किया जा सके। जिला शिक्षा अधीक्षक सिमडेगा के द्वारा कहा गया कि संघ से वर्तमान में हमें लोकतंत्र के महापर्व के वोटिंग परसेंटेज को बढ़ाने में मदद की उम्मीद है। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी गया कि आपकी जो भी समस्या है उसके लिए आपके साथ खड़ा हूं पर आपसे यह कहूंगा कि सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचे और समय से पहले विद्यालय ना छोड़े ,साथ ही साथ पठन-पाठन के स्तर में बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सहयोग से ही सिमडेगा जिला में शिक्षा के क्षेत्र में कई कार्य किए गए हैं। आने वाले समय में भी हम उम्मीद करते हैं कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में आप अपनी भूमिका निभाएंगे साथ ही साथ पब्लिक स्पीकिंग जैसे गतिविधि को केवल प्राइमरी तक ही न रखकर माध्यमिक में भी करना आप सुनिश्चित करें।संघ के द्वारा नए शिक्षकों के पर्याप्त आवंटन हेतु बात रखी गई जिस पर उन्होंने आश्वत किया है कि मैं बात करके अद्यतन कर दूंगा। उन्होंने कहा जिन विद्यालयों में गणित ,विज्ञान एवं अंग्रेजी के शिक्षक नहीं होंगे उनके लिए डाइट सिमडेगा में स्टूडियो लगाया गया है जिसके माध्यम से वैसे स्कूलों को जूम के माध्यम से विषय वस्तु प्रसारित किया जाएगा जिसमें आपकी भूमिका अहम होगी।

# भाजपा ने मातृशक्ति को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर शक्ति वंदन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के निर्माता विभिन्न एनजीओ एवं महिला स्वयं सहायता समूहों के लोगों से संवाद करना है। इसी क्रम में शनिवार को सिमडेगा नगर मंडल में सीआरपी दीदी मारियाना बेक को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कुरडेग में आठ महिला स्वयं सहायता समूह के दीदियों को अंग वस्त्र एवं साड़ी देखकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर शक्ति वंदन कार्यक्रम चलाया जा रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है की एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है। साथ ही महिलाओं को आरक्षण को लेकर ऐतिहासिक बिल भी पास किया है। इन सब बारे में गांव गांव जाकर महिलाओं को बताना है और विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम में उनका योगदान सुनिश्चित करना है। मौके पर जिला महामंत्री दीपक पुरी, नगर मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, अनूप प्रसाद ,नवीन सिंह, कुरडेग मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ,रबिन्द्र शर्मा ,हंसा रानी पिंकी प्रसाद, प्रतिमा देवी ,रीता देवी ,गौरी देवी, प्रभावती देवी, अनीता देवी ,मंजुला देवी ,ललिता देवी, रानी देवी रेणु पुरी ,उषा देवी ,मीना शर्मा, द्रोपती देवी, वर्षा देवी, सुलेखा देवी आदि उपस्थित थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### आगामी चुनावों को लेकर मतदान केंद्रों पर विद्युतीकरण की समीक्षा के लिए उपायुक्त ने की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गैरविद्युतीकृत मतदान केंद्रों पर विद्युतीकरण करने संबंधी बैठक आयोजित की गई ।उपायुक्त ने बैठक के दौरान गैरविद्युतीकृत मतदान केंद्रों की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग अंतर्गत विद्युतीकरण करने से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। जिसके तहत कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल विश्वंभर मरांडी ने जानकारी देते हुए कहां कि फरवरी माह के अंत तक सभी छूटे हुए गैरविद्युतीकृत मतदान केंद्रों पर विद्युत व्यवस्था बहाल करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ।कई मतदान केंद्रों पर विद्युतीकरण का कार्य कर दिया गया है। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को पाकरटांड़ प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र के हल्दीबेड़ा बूथ भ्रमण करने का निर्देश दिया। हल्दीबेड़ा मतदान केंद्र पर विद्युत व्यवस्था बहाल करने की दिशा में आवश्यक कार्य योजना तैयार करने की बात कहीं। साथ ही उपायुक्त ने जिले के मर्ज किए गए स्कूल जहां मतदान केंद्र है वहां भी विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल विश्वंभर मरांडी एवं अन्य उपस्थित थे।

### जिला नियोजन कार्यालय में रोजगार मेले का हुआ आयोजन 61 लोगों का हुआ चयन



**सिमडेगा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवम कौशल विकास विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय, सिमडेगा द्वारा आज एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में विभिन्न क्षेत्र के 6 नियोजक उपस्थित थे । साथ ही अग्निवीर सेना में बहाली हेतु पंजीकरण शिविर का भी आयोजन किया गया। मेले में 500 से ज्यादा रिक्तियां उपलब्ध थीं ।इन रिक्तियों के विरुद्ध 61का चयन किया गया एवं 169 को अगले चरण के लिए शार्टलिस्ट किया गया ।अग्निवीर सेना हेतु 46 अभ्यर्थियों का पंजीकरण किया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने सभी उपस्थित को संबोधित करते हुए विभाग से संबधित कार्यक्रम एवम नियोजन सहायता के संबंध में जानकारी दी ।रोजगार मेले में जिला नियोजन कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, सदर अस्पताल रेफर

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के करमडीह गाँव के समीप शनिवार को सड़क दुर्घटना में युवक घायल हो गया घायल की पहचान सजीत खलखो के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाइक चालक छोटू बेहरा करमडीह निवासी कुरडेग से वापस जा रहा था। इसी दौरान कदम टोली गांव के समीप सजीत खलखो करमडीह निवासी को अपने बाइक में बैठा लिया इसी क्रम में करमडीह गांव के समीप तीव्र गति एव शराब के नशे में होने के कारण सड़क पार कर रही गाय को टक्कर मार दी जिससे अनियंत्रित होकर दोनो सड़क पर गीर पड़े ।वहीं बाइक पर बैठे सजीत खलखो के माथे पर गंभीर चोट लगी ,जबकि चालक सुरक्षित था उधर कुरडेग पुलिस ने घायलों को कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र लायी जहाँ डॉ अभिनव बिहान ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सजीत खलखो को बेहतर इलाज के लिये सिमडेगा रेफर कर दिये ।

### सिमडेगा में अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा में लगातार रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है, शुक्रवार देर शाम अलग-अलग जगह में हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के पास की है जहां पर हेठमा डीपाटोली गांव निवासी विमल मांझी नामक युवक की मौत हो गई ।बताया गया कि वह समटोली में रहकर गोस्सनर कॉलेज सिमडेगा में पढ़ाई करता था शुक्रवार देर शाम अपने दोस्त के मोटरसाइकिल में शहर की ओर आ रहा था इसी दौरान सामने से जा रही कार को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ,जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां पर इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। बताया गया कि शनिवार को उसकी इंटरमीडिएट की परीक्षा थी। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं दूसरी घटना सिमडेगा के बड़ाबरपानी रोड की है। जहां पर मोटरसाइकिल दुर्घटना में एएनएम डुंगडुंग नामक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वह सिमडेगा सारे क्षेत्र के हरिजन टोली में ही ससुराल में रहता था और वह अपना गांव बड़ाबरपानी किसी काम को लेकर गया था और वापस लौट रहा था, इसी दौरान शराब के नशे में होने की वजह से मोटरसाइकिल दुर्घटना में गिरने से घायल हो गया और इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों ही व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात परिजनों को सौंप दिया।

### बानो नगर भवन में शक्ति वंदन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बानो।** बानो मुख्यालय स्थित नगर भवन में शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजनकिया गया । जिसमें महिला समूह के उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति देवी, प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, महामंत्री फीरू बडाईक, मंत्री विश्वनाथ बड़ाईक की उपस्थिति में महिला समूह की अध्यक्ष सीता देवी एवं सचिव हीरा मनी देवी को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित करते हुए अंग वस्त्र और पुष्प गुक्ष देकर सम्मानित किया गया ।महा मंत्री फिरू बड़ाईक ने कहा आज सरकार महिला समुहों को आगे लाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। समूह में रह कर अपना व समिति का विकास कर सकते है।

### जयंती पर याद किए गए अमर शहीद वीर बुधु भगत

**सिमडेगा।** अमर शहीद वीर बुधु भगत जयंती के मौके पर सिमडेगा कचहरी के पास बने वीर बुधु भगत के प्रतिमा पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के पदाधिकारी के द्वारा माला पहना हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर जिला सचिव सफीक खान ,केंद्रीय सदस्य मो शाहिद, जिला कोषाध्यक्ष नुवास केरकेट्टा, जिला संगठन सचिव बिपिन कुल्लु ,जिला सह सचिव सिकंदर बरवा, नगर अध्यक्ष संजय तिर्की ,बुद्धिजीवी जिला अध्यक्ष मो इरसाद ,नगर सचिव बीरबल महतो ,नगर कोषाध्यक्ष विकास कांडुलना ,छात्र मोर्चा अध्यक्ष पुनित तिर्की, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष प्रदीप कुजुर ,सक्रिय सदस्य जावेद वारसी ,नगर उपाध्यक्ष मो सिकन्दर ,मो अनस आलम स मो अमजेद मेलानी एक्का उपस्थित थे।

## एक नजर

### रोटरी ने किया निःशुल्क हृदय एवं सांस रोग जांच शिविर का आयोजन

**गिरिडीह।** रोटरी क्लब द्वारा संचालित रोटरी आई हॉस्पिटल में शनिवार को रोटरी गिरिडीह और भगवान महावीर मेडिका के संयुक्त प्रयास से हृदय एवं सांस रोग जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महावीर मेडिका से आए हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ रोहित कुमार और फैफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ योगेश जैन ने योगदान देते हुए करीब 60 से अधिक मरीजों का निःशुल्क जांच किया। इस दौरान ईसीजी, लंस जांच, सुगर और बीपी जांच की व्यवस्था की गई थी। शिविर को सफल बनाने मे रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष मनीष तर्वे, सचिव आशीष तरवे, अमित गुप्ता सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### शिक्षकों ने किया एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन

**गिरिडीह।** उपायुक्त कार्यालय के बाहर शनिवार क जिला के विभिन्न प्रखंडों से अनुकंपा पर नियुक्त लगभग 65 शिक्षक एकदिवसीय शांतिपूर्ण धरना पर एक साथ बैठे हैं। धरना प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने बताया कि उपायुक्त महोदय को इस धरना के संबंध में एक लिखित आवेदन 12 फरवरी को दिया गया था। जिसमें स्पष्ट रूप से अंकित था कि हमारे मुख्य मांगे के प्रति 16 फरवरी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने पर हम सभी 17 फरवरी को धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य हो जाएंगे। पूर्णता दुर्भागवश अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। हमारी एकमात्र प्रमुख मांग है कि ६स्रू 5267/2022 मैं माननीय उच्च न्यायालय रांची के द्वारा 30 अक्टूबर 2023 को प्रीती न्यायाधीश के अनुपालन करते हुए अविलंब आज ही हम सभी का ग्रेड वन मैट्रिक प्रशिक्षित वेतनमान का अंदर बकाया वेतन का भुगतान संबंधित एक स्पष्ट आदेश पत्र डीडीसी एवं डीएसई दोनों अधिकारियों के संयुक्त हस्ताक्षर से जब तक निर्गत नहीं होगा। तब तक हम सभी इस जगह तटस्थ रहेंगे।

# गिरिडीह व्यवहार न्यायालय में नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 मार्च को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह,( प्रभारी) सीमा कुमारी मिंज ने कहा कि झालसा, रांची द्वारा आमजनों एवं पक्षकारों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन पुनः एक बार 09 मार्च, को कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है।
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमती वीणा मिश्रा के मार्गदर्शन में इस आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में शनिवार को विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं सभी बैंकों के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। विदित हो कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक मामले, सिविल मामले, वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामले, वन विभाग, बिजली विभाग, माप तौल विभाग, श्रम विभाग, उत्पाद विभाग, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, सर्टिफिकेट केस, बैंक वाद, इंश्योरेंस क्लेम, टेलीफोन एवं नगर निगम से संबंधित मामले, ट्रेफिक चालान सहित जनोपयोगी सेवाएं से संबंधित मामलों का निष्पादन पक्षकारों के आपसी सहमति के आधार पर किया जाना है। इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सचिव महोदया, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह (प्रभारी) श्रीमती सीमा कुमारी मिंज ने कहा कि माननीय झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह ने आम पक्षकारों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों, विद्वान अधिवक्ताओं, मीडिया बंधुओं से अपील किया कि सभी अपने अपने-अपने स्तर से इस आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में आम जनों में प्रचार प्रसार कर इसे सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# गैरमजुरवा जमीन पर अवैध कब्जा के मामले में सीओ ने की जांच



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**
बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र में कई अरसे से भूमाफियाओं द्वारा गैरमजरुआ जमीन को अतिक्रमण कर खरीद बिक्री का मामला चल रहा है। फिर भी अधिकारी इस तरह के मामले पर अंकुश लगाने में नाकाम हो रहे हैं।। पता नहीं, इस तरह के मामले में भूमाफियाओं को किसका साथ मिल रहा है, जो एक जांच का विषय है। बता दें कि फिर एकबार मनिकडीहा पंचायत के मनिकडीहा गांव में भूमाफियाओं द्वारा गैरमजरुआ जमीम पर अवैध कब्जा कर खरीद बिक्री के मामले में शनिवार को बिरनी अंचलाधिकारी सारांश जैन ने विवादित जमीन पर पहुंचकर मामले की जांच किया। बताया जाता है कि बीते दिन मनिकडीहा गांव के शंकर तुरी बिरजू तुरी पिंटू तुरी व राजू तुरी ने बिरनी अंचलाधिकारी श्री जैन को एक लिखित आवेदन देकर एक गैरमजरुआ जमीन को भूमाफियाओं के चंगुल से अतिक्रमण मुक्त कराकर पैमाइस कर जमीन सम्बंधित कागजात की जांच करने की मांग किया था। इस मामले को सीओ श्री जैन ने गम्भीरतापूर्वक लेकर मामले की जांच किया है।

## न्यूज बॉक्स

### 20 से 22 फरवरी तक प्रखंड में पेंशन शिविर



**बरही ।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 20 फरवरी से 22 फरवरी तक प्रखंड के सभी पंचायतों में पेंशन योजना से संबंधित विशेष शिविर का आयोजन किया जाना है. इसके तहत एससी/ एसटी व ओबीसी समुदाय के महिलाओ लिए वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला सम्मान, स्वामी विवेकानंद निःसक्त प्रोत्साहन और एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्तियो के पेंशन हेतु आवेदन लिए जायेगे. विदित हो कि वृद्धा पेंशन के लिए राज्य सरकार ने उम्र में संशोधन करते हुए 60 वर्ष से घटाकर न्यूनतम 50 वर्ष निर्धारित किया है. शिविर में सभी पात्र व्यक्ति पहुंचकर सरकार के इस जनकल्याणकारी योजना के लिए आवेदन दे सकते है. इस संबंध में बीडीओ सी आर इंदीवर ने सभी ग्राम प्रधानो को शिविर के प्रचार प्रसार और आयोजन हेतु निर्देश पत्र जारी किया है. जारी पत्र ने अनुसार 20 फरवरी को रसोईया धमना, कोनरा, करसो, गौरिया करमा, डपोक, कोल्हुआकला, 21 फरवरी को बेंदगी, बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, बसरिया ऊर्फ पंचमाधव, दुलमहा, करियातपुर, धनवार, बरसोत और 22 फरवरी को बिजैया, रानीचुआ, भंडारों और मलकोको पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा.

### जैविक खेती जागरुकता को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**बरकट्ठा ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरहर पंचायत के भैयाडीह में आत्मा समिति सह अनुदान योजना के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रशिक्षण में जिले केआइएआरआई, आईसीएआर गौरियाकमा के डॉ साहेब पाल बतौर प्रशिक्षक मुख्य रूप से मौजूद थे। उन्होंने जैविक सब्जी उत्पादन में वृद्धि विषय पर प्रशिक्षण दिया। साथ ही जैविक खेती के लिए लोगों को जागरूक किया । प्रशिक्षण में गोरहर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो, राम टहल महतो, गणेश महतो, कृषक मित्र कार्तिक महतो, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चिन्ताहरण पाठक समेत अनय लोग उपस्थित थे।

### अति पिछड़ों को भी मिलना चाहिए राजनीति में उचित स्थान : सुदेश चंद्रवंशी

**हजारीबाग।** अति पिछड़ा वर्ग उत्थान मंच का वार्षिक सम्मेलन शनिवार को जैन भवन, बड़ा बाजार, हजारीबाग में आयोजित की गई। बैठक का उद्घाटन चंद्रवंशी समाज के राष्ट्रीय महामंत्री सुदेश कुमार चंद्रवंशी,तैलिक समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, समाजसेवी किशोरी राणा, छेदी ठाकुर,अजीत चंद्रवंशी, पप्पू प्रजापति,भोला मालाकार एवं बाल गोविंद निषाद के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर हुआ। मौके पर सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन से ही समाज का विकास होता है।अति पिछड़ा समाज कैसे विकसित हो कैसे शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से आगे बढ़े उसे पर हम सभी को विचार करना होगा। झारखंड में अति पिछड़ों की आबादी करीब 37 परसेंट है। आबादी के हिसाब से राजनीतिक पार्टियों अति पिछड़ों के हित के ध्यान में रखते हुए संगठन और प्रतिनिधित्व मैं उचित स्थान दें।

# डीसी ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने का दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गिरिडीह शाखा की वार्षिक आमसभा शनिवार को गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समाहरणालय सभागार में हुई इस बैठक में ब्लड बैंक के सुचारू संचालन और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सोसाइटी के अध्यक्ष उपायुक्त ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसाइटी और रेड क्रॉस सोसाइटी के आपसी सहयोग और समन्वय से गरीब और जरूतमंद लोगों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन किया जाएगा। बैठक में रेड क्रॉस भवन में ओपीडी सेवा और फिजियोथेरेपी सेंटर को और बेहतर करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान डीसी ने सिविल सर्जन को रेड क्रॉस भवन में अटल क्लीनिक शुरू करने का सुझाव दिया। वहीं ओपीडी सेवा में टीबी और लेप्रोसी मरीजों को विशेष सुविधा देने का निर्देश दिया। डीसी ने बताया कि ब्लड डोनेशन का कार्य रेड क्रॉस का सबसे प्रमुख उद्देश्य है। डीसी ने जिले के लोगों से अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर दर्शकों का मोहा मन

# देशभक्ति पर आधारित नाटक कर लोगों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**
बिरनी प्रखंड के कलहजोरी में स्थित गांधी मेमोरियल स्कूल में सरस्वती पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गानों में नृत्य एवं नाट्य रूपांतरण कर दर्शकों का मन मोहने का कार्य किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा सामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूवात फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। लोगों को सम्बोधित करते हुए सुनील वर्मा ने कहा कि बच्चों में संस्कार, शिक्षा जितना जरूरी है उतना ही जरूरी हैं झारखण्ड की सभ्यता तथा संस्क्रति से रूबरू कराना जो इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक कर रहे हैं। सुदूरवर्ती इलाके में एक विद्यालय को संचालित कर बच्चों में सर्वांगीण विकास का जो जिम्मा विद्यालय परिवार ने उठाया हैं इससे ग्रामीण काफी संतुष्ट हैं,हम चाहते हैं कि हमारे पंचायत का बच्चा बढ़िया से पढ़ाई कर देश के सर्वोच्च परीक्षाओं में उतीर्ण हो जिससे हमारे गांव ही नही बल्कि देश का नाम रौशन करें। वर्मा ने कहा कि स्कूली बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीतों में नृत्य कर परिभाषित किया कि कैसे एक वीर जवान देश के स्वाभिमान के लिए एवम हमसबों की रक्षा के लिए शहीद होते हैं हमसबों का दायित्व हैं कि सरहद पर खड़े हमारे वीर जवान और शहीदों का हमेसा सम्मान करें। इन्होंने मुखिया फंड से विद्यालय को एक चबूतरा देने का घोषणा किया। वंही विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजदेव रंजन ने बताया कि इस क्षेत्र में वर्षों से स्कूल संचालित हैं इस विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम कराई जाती हैं।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच झड़प, गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत धावाटांड़ गांव के पास सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान गाना बजाने को लेकर दो गुटों के बीच शुक्रवार की शाम झड़प हो गया। इसके बाद मामला झगड़ा में तब्दील हो गया। इसी दौरान एक पक्ष के एक सनकी युवक ने डीजे ऑपरेटर के साथ मारपीट करते हुए पत्थर से मारकर सिर फोड़ दिया। जिससे धावाटांड़ गांव के निवासी राजकुमार रविदास गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं।
इस बाबत भुक्तभोगी ने तिसरी थाना में आवेदन दिया है। बताया कि खोटो गांव के लोग मूर्ति विसर्जन का जुलूस लेकर धावाटांड़ आए हुए थे। राजकुमार रविदास उक्त जुलूस में डीजे बजा रहा था। धावाटांड़ गांव के पास जुलूस पहुंचने के बाद राजकुमार रविदास गाना बदल रहा था। तभी जुलूस में शामिल तथा कथित लोगों ने गाना नहीं बदलने की बात कही। जो राजकुमार को सुनाई नही पड़ी और उसने गाने को बदल कर दूसरा गाना लगा दिया। जिसके बाद वरुण नामक युवक ने राजकुमार रविदास को गाड़ी से उतारकर पिटाई कर दी। इस घटना के बाद गांव के लोगों ने राजकुमार रविदास को तिसरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां पर उनका प्राथमिक इलाज किया गया। इधर वरुण ने अपने ऊपर लगे आरोप को बेबुनियाद बताया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### ऑक्सीजन सिलेंडर रखवाने की मांग को लेकर सुप्रीटेंडेंट से मिले विधायक प्रतिनिधि

# व्यवस्था दुरुस्त करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता, हजारीबाग।** सूबे में सरकार बदल गई लेकिन व्यवस्था यथावत है। हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रबंधकीय लापरवाही चरम पर है।
इस अव्यवस्था का खामियाजा यहां बेहतर सुविधा की आस में पहुंचने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार मशक्कत करने वाले सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन जरूरतमंद मरीजों के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। शनिवार को विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुप्रीटेंडेंट डॉ.विनोद कुमार से मुलाकात कर यहां की अव्यवस्था से मरीजों को होने वाली परेशान से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने तत्काल इन समस्याओं का समाधान कराने का आग्रह किया । विधायक प्रतिनिधि ने आपातकालीन ट्रॉमा सेंटर में स्ट्रेचर की कमी, हॉस्पिटल में पीएम केयर फंड से स्थापित दो ऑक्सीजन प्लांट के बंद होने की स्थिति में ट्रॉमा सेंटर सहित अस्पताल के हरेक वार्डो में कम से कम पांच- पांच भरा हुआ ऑक्सीजन जंबो सिलेंडर 24 घंटे उपलब्ध कराने को कहा। वहीं जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से खरीदे गए एडवांस लाइफ सपोर्ट कार्डियक एम्बुलेंस के एक महीने से खराब होने व मरीजों को हो रही परेशानी से भी सुप्रीटेंडेंट डॉ.विनोद को अवगत कराया। रंजन चौधरी के आग्रह पर तत्काल संज्ञान लेते हुए सुपरिटेंडेंट डॉ.विनोद कुमार ने ट्रॉमा सेंटर में यथाशीघ्र 10 स्ट्रेचर रखवाने, हरेक वार्ड में 24 घंटे 5 ऑक्सीजन जंबो सिलेंडर भरा हुआ रखवाने और डीएमएफटी के एडवांस लाइफ सपोर्ट कार्डियक एम्बुलेंस को तत्काल बनाने का आदेश संबंधित कर्मियों को दिया।
साथ ही उन्होंने विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को यह आश्वस्त भी किया कि जरूरतमंद मरीजों के हितार्थ हर जरूरी सेवा जल्द सुद्दढ करा लिया जायेगा ।
इधर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने पर सुपरिटेंडेंट डॉ. विनोद कुमार का आभार जताया।

### दो पक्षों में आपसी झड़प में आधा दर्जन लोग घायल

**गिरिडीह।** अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के भादवाखुर्द गांव में शनिवार को दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो जाने से दोनो पक्षों से लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों द्वारा सीएससी गांडेय लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु उन्हें गिरिडीह भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को भादवा खुर्द निवासी सुनील यादव वगैरह और बसंत सिंह, रवि हजाम वगैरह के बीच आपसी विबाद को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ गया। विवाद इतना हद तक बढ़ा की लाठी डंडे से समूह लड़ाई हो गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**

Very Short e-Procurement Notice

Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 19 /2023-24 Date:: -16-02-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Renovation work for Primary School Khandsar, Block- Katkamshandi, Hazaribag for the year of 2023-24 |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 9536200/- |
| 3. | Time of Completion | 6 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 19 -02-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 26 -02-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 319326 (Building) 23-24 (D)


### पुलिस ने 8 वर्षीय दीपक का शव तिलैया डैम से किया बरामद

# पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी व 20 लाख का मिले मुआवजा : अमित यादव




**नवीन मेल संवाददाता। चलकुशा। (हजारीबाग)**
पुलिस ने दीपक साव का शव को तिलैया डैम से बरामद कर लिया है। इस मामले में एसपी अरविंद कुमार ने चलकुशा थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया । शव दोपहर को बरामद हुई। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। तत्पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया। लेकिन परिजनों ने शव को नहीं लेकर थाना के समीप रख दी। शव देखने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े और सबकी आंखें नम हो गई। विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य सविता सिंह, मुखिया आलोक सिंह से डीएसपी नौसाद आलम से वार्ता की। जनप्रतिनिधियों ने दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही विधायक अमित कुमार यादव ने पीड़ित परिवार को एक सरकारी नौकरी, 20लाख का मुआवजा, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा मांग की। समाचार लिखे जाने तक वार्ता जारी था। वही मृतक दीपक साव के पिता दिनेश साव ने बताया कि अजय साव के भाई शंकर साव के द्वारा मुझे भी धमकी दे रहा है। बेटा की तरह तुम सभी परिवार को उठाकर हत्या करवा देंगे।

# इसरी बाजार के समीप सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
सत्यम सैनीटाइज ऑर्गनेशन संस्था की ओर से इसरी बाजार नदी पुल के समीप सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को किया गया। इसका शिलान्यास जिप सदस्या सुनीता कुमारी, मुखिया सीताराम तुरी ने नारियल फोड़ कर किया। शौचालय निर्माण कार्य प्रारंभ कराने में जिप सदस्या सुनीता कुमारी द्वारा पहल किया गया। इस दौरान जिप सदस्या ने कहा कि इसरी बाजार प्रखंड का मुख्य बाजार है। यहां 6 से अधिक बैंक है। प्रत्येक दिन हजारों लोग पहुंचते हैं पर बाजार में कहीं शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को खासकर महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सार्वजनिक शौचालय बनाने की लोगों की वर्षों से मांग थी जो आज साकार होने जा रहा है। इस दौरान भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार, संस्था सचिव मुकेश कुमार, पंसस चिरंजीवी कुमार, दीपक ठाकुर, मुकेश खंडेवाल,विजय वर्णवाल, सुनील सेठ, बलवन्त कुमार, धर्मेंद्र वर्णवाल,कुंदन वर्णवाल,मनोज साव,अशोक कुमार, राजकुमार वर्णवाल, प्रदीप वर्णवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।


**कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –04/2023-24**

जिला परिषद् सिमडेगा में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों को पद्धति अंतर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा में वर्णित शर्तों के साथ अंकित की जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– | जिला परिषद सिमडेगा |
| 2 | विज्ञापनदाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, सिमडेगा। |
| 3 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | 21.02.2024 से 26.02.2024तक (कार्यालय अवधि में अपराह्न 2:00 बजे तक ) |
| 4 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 26.02.2024 (पूर्वाह्न 11.00 बजे से 1:30 बजे अपराह्न तक) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | 26.02.2024 (अपराह्न 2:30 बजे ) |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– | कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा। |
| 8 | कार्य विवरणी | :– | |

| ग्रुप/ क्र.सं. | प्रखण्डका नाम | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रु0) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलडेगा | प्रखण्ड जलडेगा के ग्राम पंचायत टाटी के टोनिया में गड़ाटोली आर0सी0 प्राथमिक विद्यालय, टोनिया के पास पेयजल आपूर्ति निर्माण योजना । | 7,29,400.00 | 15,000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 2 | जलडेगा | लोम्बोई बाजारटांड़ में सार्वजानिक शौचालय एवं डीप बोरिंग निर्माण ।5000.00 | 14,58,931.00 | 29,500.00 | 2500.00 | 60 दिन |
| 3 | सिमडेगा | जिला परिषद कार्यालय परिसर एवं सदर प्रखण्ड के जिला परिषद डाक बंगला परिसर में वाटर हार्वेस्टिंग एवं शोक पीट निर्माण कार्य । | 6,13,388.00 | 12,500.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 4 | कुरडेग | चाड़रीमुण्डा के जेंजराकानी ग्राम में सोलर चलित डीप बोरिंग जलापूर्ति निर्माण। | 7,80,290.00 | 16,000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 5 | कुरडेग | बड़की बिउरा में राजकेश्वरसाय घर के पास सोलर चलित डीप बोरिंग निर्माण । | 7,52,320.00 | 15,500.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 6 | केरसई | प्रखण्ड केरसई अंतर्गत पुर्वी टैंसेर पंचायत के जराटांड़ में सोलर जलापूर्ति निर्माण । | 7,97,020.00 | 16,000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 7 | बानो | प्रखण्ड बानो के जमतई पंचायत अंतर्गत हुरदा में मार्केट कम्पलेक्स का नवनिर्माण । | 24,29,400.00 | 49,000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 8 | कोलेबिरा | प्रखण्ड कोलेबिरा अंतर्गत कोलेबिरा नया बाजारटांड़ में बाजार शेड का निर्माण । (द्वितीय यूनिट) एवं (तृतीय यूनिट) | 21,97,800.00 | 44,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, सिमडेगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, सिमडेगा

PR 319373 Simdega(23-24).D

